**647510** **0701259F2022** **Seat No :________**

## B.R.S. Semester - 2 (*CBCS*) Examination
## March/April - 2024 (As Per Syllabus Year-2016)
## HINDI (FOUNDATION - 4)

**Time: 2:30 Hours** **Marks: 70**

**Instructions:**
1. All questions are compulsory.
2. Figures to the right indicate marks.

---

प्रश्न- १ मैथिलीशरण गुप्त के जीवन-कवन पर प्रकाश डालिए । (१५)

अथवा

प्रश्न- १ 'पंचवटी' खण्डकाव्य का कथानक अपने शब्दों में लिखिए ।

प्रश्न- २ सूचनानुसार उत्तर दीजिए । (०७)

(अ) निम्नांकित में से पाँच मुहावरों का अर्थ दीजिए ।

(१) श्री गणेश करना
(२) घाट-घाट का पानी पीना
(३) सिर पर कफन बाँधना
(४) हाथ धोकर पीछे पडना
(५) हाथ पिले करना
(६) चल बसना
(७) गागर में सागर भरना
(८) आटे दाल का भाव मालुम होना
(९) बात बनाना
(१०) जले पर निमक छिडकना

प्रश्न- २ (ब) निम्नांकित परिच्छेद का गुजराती में अनुवाद कीजिए । (०८)

"दु:ख की जितनी शक्ति है, उससे कहीं अधिक प्रकृति ने आदमी को सहनशक्ति दी है । जिस तरह दु:ख की कोई निश्चित सीमा नहीं उसी तरह मनुष्य की सहनशक्ति भी असीम है । जिस दु:ख की कल्पना मात्र से मनुष्य की आत्मा की नींच कोई उठती है, वही दु:ख जब सहसा उसके सिर पर आ गिरता है, तो जाने कहाँ से उसमें उसे सहन करने की शक्ति भी आ जाती है । दु:ख की काली घटा के नीचे बैठकर वह तडपता है, रोता है । रो-रोकर ही वह दु:ख को भुला देता है । वह घटा छँटती है, खुशी का प्रकाश चमकता है और आदमी हँस देता है । वह यह भान भी भूल जाता है कि कभी उस पर दु:खी की घटा छायी थी कल वह रोया और तडपा भी था ।"

प्रश्न- ३ निम्नांकित में से किन्ही तीन की संसन्दर्भ व्याख्या कीजिए । (१५)

(१) "होता यदि राजत्व मात्र ही, लक्ष्य हमारे जीवन का,
तो क्यों अपने पूर्वज उसको , छोड मार्ग लेते वन का ?"

(२) मेरे मत में तो विपदाएँ है, प्राकृतिक परीक्षाएँ,
उनसे वहीं डरे कच्ची हो जिनकी शिक्षा-दिक्षाएँ ।"

(३) मैं अपने ऊपर अपना ही, रखती हूँ अधिकार सदा
जहाँ चाहती हूँ, करती हूँ, मैं स्वच्छन्द विहार सदा ।"

(४) "वह मुख देख पाण्डुसा पडकर गया चन्द्र परिभ्रम की ओर,
लक्ष्मण के मुँह पर भी लज्जा लेने लगी अपूर्व हिलोर ।"

प्रश्न- ४ सीता का चरित्र-चित्रण कीजिए । (१५)

अथवा

प्रश्न- ४ खण्डकाव्य के नायक लक्ष्मण का चरित्र-चित्रण कीजिए ।

प्रश्न- ५ 'पंचवटी' के उद्देश्य पर प्रकाश डालिए । (१०)

अथवा

प्रश्न- ५ 'पंचवटी' खंण्डकाव्य में व्यक्त प्रकृति-चित्रण पर प्रकाश डालिए ।

****************